Mail
08/6/2021

आवश्यक / महत्वपूर्ण

कार्यालयः प्रमुख वन संरक्षक, वन पंचायत, उत्तराखण्ड।

85, राजपुर रोड़, देहरादून 248001, फोन न0 01352740926

Email:pccfvanpanchayat@gmail.com

पत्रांक–1435/1–4(2) दिनांक : 08/06/, 2021

सेवा में,

समस्त वन संरक्षक,
वन विभाग, उत्तराखण्ड।

विषयः– वन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि (2020–21) में वन पंचायत के कार्यो को संज्ञान में लाया जाना।

महोदय,

उक्त विषयक कम में अवगत कराना है, कि आपके अधीन जिन–जिन प्रभागों में वन पंचायतें स्थित है, उन प्रभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि (2020–21) अंकित करते समय इनके द्वारा वन पंचायतों के लिये गये कार्य का संज्ञान लेते हुये समीक्षा की जाये। सुलभ सन्दर्भ हेतु निम्न बिन्दुओं का संज्ञान लिया जायेः

1. प्रभाग के अन्तर्गत वन पंचायत की संख्या और क्षेत्रफल में व्याप्त त्रुटियों का निराकरण करने में सहयोंग।
2. वन पंचायतों के चुनाव अनुश्रवण व्यवस्था में सुधार हेतु सहयोग।
3. संहत प्रबन्ध योजना के सुधारात्मक कार्य में भागीदारी।
4. वर्ष 2015 से लम्बित लीसा रायल्टी का पंचायतों के खातें में हस्थान्तरण हेतु पहल।
5. वन पंचायतों के सदस्यों के प्रशिक्षण व्यवस्था में सुधार हेतु पहल।
6. वन पंचायत प्रबन्धन हेतु वन विभाग के फील्ड स्टाफ का क्षमता विकास हेतु पहल।
7. वन पचायतों के कार्यों में जन सहभागिता एवं लाभ वितरण आदि विषयों पर मूल्यांकन हेतु पहल।
8. वित्तीय वर्ष 2020–21 में वन पंचायतो से संबंधित विभिन्न योंजनाओं के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों के प्राप्ति में सहयोगः
   (क) कैम्पा योजना।
   (ख) वन पंचायतों का सुदृढीकरण योजना।
   (ग) महिला किसान पौधालय।
9. पंचायती वनों के Springshed Treatment हेतु पहल।
10. वनों की अग्नि से सुरक्षा में वन पंचायतों के भागीदारिता लेने में पहल।
11. वन्यजीव संरक्षण में वन पंचायतों के भागीदारिता लेने हेतु पहल।
12. हरेला एवं वृहद वृक्षारोपण में वन पंचायत को जोड़ने हेतु पहल
13. वन पंचायतों को संरक्षण आधारित आयपरक गतिविधियों में सक्रिय रूप से जोड़ने हेतु पहल।

साथ ही समस्त प्रभागीय वनाधिकारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें कि वे भी अपने अधीनस्त कर्मचारियों की गोपनीय प्रविष्टि अंकित करने से पूर्व उक्त बिन्दुओ का संज्ञान अवश्य ले, तदोपरान्त ही प्रविष्टि अंकित की जाये।

भवदीया,

8/6/21

(ज्योत्सना सितलिंग)
प्रमुख वन संरक्षक,
वन पंचायत, उत्तराखण्ड

संख्या 1435 /1-4(2) तददिनांकित।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को उक्त विषय के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रमुख वन संरक्षक, वन्य जीव, उत्तराखण्ड।
2. मुख्य वन संरक्षक, कुमॉऊ, नैनीताल व गढ़वाल, पौड़ी।

8/6/21

प्रमुख वन संरक्षक,
वन पंचायत, उत्तराखण्ड

संख्या 1435 / 1-4(2) तददिनांकित।

प्रतिलिपि–समस्त संबंधित प्रभागीय वनाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

8/6/21

प्रमुख वन संरक्षक,
वन पंचायत, उत्तराखण्ड

संख्या 1435 / 1-4(2) तददिनांकित।

प्रतिलिपि–**प्रमुख वन संरक्षक, (HoFF),** उत्तराखण्ड को सूचनार्थ प्रेषित।

8/6/21

प्रमुख वन संरक्षक,
वन पंचायत, उत्तराखण्ड